भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 75
22 नवम्बर, 2011 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश में राज्यों की भूमिका

75. श्री के. एन. बालगोपालः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि चिकित्सा पाठ्यक्रमों में सामान्य प्रवेश परीक्षा (सी ई टी) कराने के भारतीय चिकित्सा परिषद (एम सी आई) के निर्णय के परिणामस्वरूप पूरी परीक्षा प्रणाली पर केन्द्रीय सरकार का नियंत्रण हो जाएगा और राज्य सरकारों की भी भूमिका नगण्य हो जाएगी और केन्द्रीय स्तर पर नियंत्रण होने से यह प्रणाली ग्रामीण छात्रों के लिए लाभप्रद नहीं होगी क्योंकि ऐसी स्थिति में राज्य स्तरीय कोटे को खत्म किया जा सकता है या कम किया जा सकता है; और

(ख) यदि हां, तो उनके हितों की रक्षा के लिए क्या कदम उठाये गए हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आज़ाद)

(क) और (ख) प्रस्तावित राष्ट्रीय पात्रता और प्रवेश परीक्षा (एन ई ई टी) बहुविध प्रवेश परीक्षा में उपस्थित होने के लिए छात्रों की आवश्यकताओं का उपशमन करेगी और देश में चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश में योग्यता (मेरिट) को बढ़ावा देगी। अतः एन ई ई टी राज्यों विशेष की आरक्षण नीति, राज्य समितियों द्वारा निर्धारित ढांचे और विभिन्न कोटों में सीटों के वितरण को बाधित नहीं करेगी।

....